**Annexure - XXXIV**

# उत्तरांचल सूचना आयोग
## सैक्टर 1, सी–10 डिफैंस कालोनी, देहरादून
**दूरभाष : 0135 – 2666778, 2666779**

पत्रांक : 420 / सू.आ. / मु.सू.आ. / 2006 दिनांक : 16 दिसम्बर, 2006

प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन
उत्तरांचल शासन, देहरादून

कृपया आयोग के पत्रांक 64 / मु.सू.आ. / 2005 दिनांक 06 दिसम्बर 2005 एवं पत्रांक 67 / मु.सू.आ. / 2005 दिनांक 07 दिसम्बर , 2005 का संदर्भ लेने का कष्ट करें, जो क्रमशः उत्तराचंल सूचना आयोग के क्षेत्री कार्यालय, श्रीनगर (पौड़ी गढ़वाल) तथा अल्मोड़ा (कुमाऊँ) में खोले जाने विषयक तथा आयोग में शोध मूल्यांकन तथा प्रशिक्षण प्रभाग खोले जाने विषयक है। उक्त दोनों पत्रों की छायाप्रति संलग्न है।

दिनांक 13 मार्च, 2006 को माननीय मुख्यमंत्री उत्तरांचल द्वारा उत्तरांचल सूचना आायेग के कार्यालय का उदघाटन किया गया एवं अपने सम्बोधन में उन्होंने दोनों क्षेत्रीय कार्यालय खोलने तथा आयोग में शोध मूल्यांकन तथा प्रशिक्षण प्रभाग भी स्थापित किये जाने की घोषणा की है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपनी घोषणा में यह भी अवगत कराया है कि उक्त दोनों कार्यों हेतु अगले वित्तीय वर्ष के प्रस्तावित बजट में प्राविधान कर लिया जाय यदि अभी तक बजट का प्राविधान न हो सका हो तो आकस्मिकता निधि से अविलम्ब व्यवस्था की जाये।

कृपया इस दिशा मे शीघ्रताशीघ्र कार्यवाही कर आयोग को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

**(आर.एस. टोलिया)**
**मुख्य सूचना आयुक्त**

प्रतिलिपि :

1. मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तरांचल शासन, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**(आर.एस. टोलिया)**
**मुख्य सूचना आयुक्त**